# कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस-निरीक्षा/20 - दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक जन सेवा मेल झाँसी। दिनांक 17 OCT 2014



झांसी। बैठक को सम्बोधित करते जिलाधिकारी अनुराग यादव।

## दीवाली के बाद बच्चे संभालेंगे सफाई की कमान

संवाददाता, जनसेवा मेल

- शनिवार को अभियान चलाने का सुझाव
- गंदगी करने वालों को मिलेगी सार्वजनिक बेइज्जती

जिले को साफ-सुथरा बनाने के लिए अब नई पहल की जा रही है। इस बार अभियान की कमान स्कूली बच्चों के हाथ में होगी। जिलाधिकारी ने विकास भवन सभागार में प्रधानाचार्यों की बैठक में अपने सुझाव शेयर किए।

जिलाधिकारी अनुराग यादव नें सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नहीं के साथ अपने विचार व्यक्त करते हुए झांसी को साफ-सुथरा बनाए जाने में स्कूली बच्चों को अभियान से जोड़कर सफाई के प्रति जागरुक करने व अन्य को भी जागरुक बनाने के लिए प्रधानाचार्यों से सुझाव मांगे। उन्होंने कहा कि 2 अक्तूबर को सभी ने सप्ताह में दो घंटे श्रमदान करने की शपथ ली थी। यदि ऐसा करते हैं, तो शहर की सूरत बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि लगभग 56 विद्यालय हैं, जहां कक्षा 9 से 12 तक के बच्चे पढ़ते हैं। न्यूनतम 200 बच्चों के मानक अनुसार 10 हजार बच्चे यूपी बोर्ड के हैं। अन्य स्कूलों को भी इसमें शामिल किया जा सकता है।

जिलाधिकारी ने दीवाली से पूर्व प्रोजेक्ट बनाकर दीवाली बाद सफाई अभियान शुरू करने को कहा।

उन्होंने कहा कि सफाई के लिए स्थान चिह्नित कर लें। स्कूल के आसपास का क्षेत्र विशेष रूप से चुनें। अभियान के लिए बच्चों की टीम बना ली जाए, जिसके लीडर से मैं स्वयं बात करुंगा। उन्होंने सफाई अभियान के लिए शनिवार का दिन चुनने का सुझाव देते हुए कहा कि इस दिन हाफ डे होने के कारण बच्चे दो-तीन घंटे सफाई अभियान में दे सकते हैं।

छोटे बच्चों से पोस्टर, ड्राइंग व अन्य क्रिएटिव कार्य कराकर जागरुकता फैलाई जा सकती है। बच्चों के आगे आने पर बड़े भी सफाई के प्रति प्रेरित होंगे और नागरिक भी स्वयं सफाई के लिए आगे आएंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि सफाई के बाद जिस जगह पुनः गंदगी होती है, उसे चिह्नित कर लिया जाए, ताकि गंदगी करने वाले को सार्वजनिक रूप से दंडित किया जा सके।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार, नगर आयुक्त अरुण प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक आईपीएस सोलंकी आदि उपस्थित रहे।

आयुक्त महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी झाँसी

आयुक्त
झाँसी मण्डल, झाँसी


# कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक राष्ट्रबोध झाँसी (उ0 प्र0) दिनांक: 17 OCT 2014

# डीएम ने शहर सफाई के लिए स्कूली बच्चों को अभियान में जोड़ने का किया आह्वान

## प्रधानाचार्यों को प्रोजेक्ट बनाये जाने का दिया सुझाव





झांसी। सिर्फ हंगामा खड़ा करना [illegible] मकसद नहीं है, मेरी कोशिश [illegible] ये सूरत बदलनी चाहिये। उक्त पंक्तियों के उद्बोधन से जिलाधिकारी अनुराग यादव ने झांसी शहर को साफ सुथरा बनाये जाने में स्कूली बच्चों को अभियान से जोड़ने उन सभी में सफाई के प्रति जागरूक होने व अन्य को भी जागरूक करने के लिए शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों की प्रोजेक्ट बनाये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सोचने का नजरिया बदलना है, उसके बदलते ही स्वतः झांसी शहर स्वच्छ सुन्दर हो जायेगा।

[illegible]कास भवन [illegible] सभागार में [illegible]लाधिकारी अनुराग यादव ने झांसी नगर के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य को सम्बोधित करते हुये कहा कि 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती पर हम सभी ने शपथ ली कि सप्ताह में दो घण्टे-श्रमदान करेंगे यदि ऐसा करन्ते है तो शहर की सूरत बदल जायेगी। उन्होंने कहा कि सफाई आदत में यदि आ जाती है तो सफाई होने लगेगी। हम सभी ऐसा करने लगेंगे।

जिलाधिकारी ने कहा कि लगभग 56 विद्यालय है, जहां कक्षा 9, 10, 11, 12 के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते है। जो प्रति विद्यालय न्यूनतम 200 बच्चे जो लगभग 10000 बच्चे हो जायेंगे। यह बच्चे उ०प्र० बोर्ड स्कूल के है अन्य स्कूलों को अभी शामिल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी दीपावली से पूर्व प्रोजेक्ट तैयार' कर लें ताकि दीपावली के बाद सफाई अभियान का शुभारम्भ किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान से पूर्व आप सभी सफाई के स्थान को चिन्हित कर लें, विशेष रूप से स्कूल के आस-पास का क्षेत्र ही चुने। सफाई अभियान हेतु बच्चों की टीम बना ले। मैं स्वंय टीम लीडर्स से बात करूंगा। उन्होंने कहा कि यदि मन से आना है तो स्वागत है।

उन्होंने प्रधानाचार्यों को सफाई अभियन हेतु शनिवार का दिन चुनने का सुझाव दिया क्योंकि शनिवार को हाफ डे होता है, और दो तीन घण्टे सफाई अभियान में भाग ले सकते है। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के अन्य छोटे बच्चे पोस्टर ड्राइंग या अन्य क्रियेटिव व कार्य करेंगे। सफाई हेतु संसाधन आप स्वंय सुनिश्चित करें कि कैसे व्यवस्था की जानी है, सभी सहयोग दिया जायेगा। आप सभी एक सप्ताह में प्लान तैयार कर लें। जिलाधिकारी ने कहा कि स्कूली बच्चों द्वारा सफाई अभियान से नगर की सूरत अवश्यक बदल जायेगी। उन्होंने कहा कि जब बच्चों को सड़क-नाली साफ करते हुये नागरिक देखेंगे तो वह स्वंय सफाई वाले स्थान पर कचरा नहीं डालेंगे। दो सप्ताह बाद स्वंय देखेंगे की नगर के नागरिक भी सफाई में सहयोग देंगे। उन्होंने कहा कि यदि सफाई के बाद पुनः गंदगी होती है तो अवश्य बतायें ताकि गंदगी करने वाले को सार्वजनिक रूप से दण्डित किया जाये।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।

# कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक जनता यूनियन झाँसी (उ० प्र०) दिनांकः 17 OCT 2014

## सफाई अभियान से जोड़ा जायेगा स्कूली बच्चों को :

### ◆ जिलाधिकारी ने दिये प्रधानाचार्यों को निर्देश





झांसी। जिलाधिकारी अनुराग यादव ने झांसी शहर को साफ सुथरा बनाये जाने में स्कूली बच्चों को अभियान से जोड़ने उन सभी में सफाई के प्रति जागरूक होने व अन्य को भी जागरूक करने के लिये शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यों को प्रोजेक्ट बनाये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि सोचने का नजरिया बदलना है, उसके बदलते है स्वतः झांसी शहर स्वच्छ-सुन्दर हो जायेगा। विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी अनुराग यादव ने झांसी नगर के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य को सम्बोधित करते हुये कहा कि 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जी की जयंती पर हम सभी ने शपथ ली कि सप्ताह में दो घण्टे श्रमदान करेंगे, यदि ऐसा करते है तो शहर की सूरत बदल जायेगी। उन्होंने कहा कि सफाई आदत में यदि आ जाती है तो सफाई होने लगेगी। हम सभी ऐसा करने लगेंगे। जिलाधिकारी ने कहा कि लगभग 56 विद्यालय है, जहां कक्षा 9, 10, 11, 12 के बच्चे शिक्षा प्राप्त करते है। जो प्रति विद्यालय न्यूनतम 200 बच्चे जो लगभग 10000 बच्चे हो जायेंगे। यह बच्चे उप्र बोर्ड स्कूल के है अन्य स्कूलों को अभी शामिल नहीं किया है। उन्होंने कहा कि आप सभी दीपावली से पूर्व प्रोजेक्ट तैयार कर लें ताकी दीपावली के बाद सफाई अभियान का शुभारम्भ किया जा सके। उन्होंने कहा कि अभियान से पूर्व आप सभी सफाई के स्थान को चिन्हित कर लें, विशेष रूप से स्कूल के आस-पास का क्षेत्र ही चुने। सफाई अभियान के लिए बच्चों की टीम बना लें, मैं स्वयं टीम लीटर से बात करूंगा। उन्होंने कहा कि यदि मन से आना है तो स्वागत है। उन्होंने प्रधानाचार्यों को सफाई अभियान के लिए शनिवार का दिन चुनने का सुझाव दिया क्योंकि शनिवार को हाफडे होता है और दो-तीन घण्टे सफाई अभियान में भाग ले सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के अन्य छोटे बच्चे पोस्टर ड्राइंग या अन्य क्रियेटिव कार्य करेंगे। सफाई के लिए संसाधन आप स्वयं सुनिश्चित करें कि कैसे व्यवस्था की जानी है, सभी सहयोग दिया जायेगा। आप सभी एक सप्ताह में प्लान तैयार कर लें। जिलाधिकारी अनुराग यादव ने कहा कि स्कूली बच्चों द्वारा सफाई अभियान से नगर की सूरत अवश्य बदल जायेगी। उन्होंने कहा कि जब बच्चों को सड़क-नाली साफ करते हुये नागरिक देखेंगे तो वह स्वयं सफाई वाले स्थान पर कचरा नहीं डालेंगे। दो सप्ताह बाद स्वयं देखेंगे की न
में सहयोग देंगे। उ
के बाद पुनः गंदगी
ताकी गंदगी करने
से दण्डित किय
सीडीओ संजय कु
प्रकाश, डीआईओ
सहित समस्त प्रध
उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी

# कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दैनिक अमर उजाला झाँसी (उ0 प्र0)

दिनांक: 17 OCT 2014

## ...त्र-छात्राएं देंगे स्वच्छता का संदेश

### हर शनिवार को झाड़ू लेकर उतरेंगे सड़क पर

...ब्यूरो

...ाधिकारी अनुराग
...कि शहर को साफ-
... लिए विद्यालयों में
...त्र - छात्राओं को
...यान से जोड़कर
... जागरूक किया
... को सोचने का
...ना होगा, उसके
... स्वतः साफ सुथरा
...ने शहर के विभिन्न
...चार्यों को प्रोजेक्ट
...दिए, ताकि दिवाली
... शनिवार को
... जा सके।
...ो विकास भवन
... जिलाधिकारी ने
... के प्रधानाचार्यों
...ते हुए कहा कि
...यंती पर सभी ने
...सप्ताह में दो घंटे
...रेंगे। यदि ऐसा
...ो स्वच्छता की
...जाएगी। सफाई
... है तो सफाई
... में लगभग 56
...ौ, दस, ग्यारह
... पढ़ते हैं। यदि
... सौ बच्चों का
...र तो लगभग

दस हजार बच्चे हो जाएंगे। यह बच्चे उप्र बोर्ड के विद्यालयों के हैं, यदि अन्य बोर्ड के बच्चों को जोड़ा जाएगा तो आंकड़ा और अधिक हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी लोग दिवाली के पूर्व प्रोजेक्ट तैयार कर लें, ताकि दिवाली के बाद अभियान शुरू किया जा सके। अभियान से पहले सभी लोग विद्यालय के आसपास सफाई के स्थल चयन कर लें। बच्चों की टीम बना लें, वह स्वयं टीम लीडर से बात करेंगे।

उन्होंने प्रधानाचार्यों को सफाई के लिए शनिवार का दिन चुनने को कहा। क्योंकि, शनिवार को हाफ-डे होता है। ऐसे में बच्चे दो से तीन घंटे सफाई अभियान का हिस्सा बन सकते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यालयों के अन्य छोटे बच्चे क्रिएटिव कार्य करेंगे। सफाई के लिए संसाधन स्वयं सुनिश्चित करें।

बच्चों के सफाई अभियान से शहर की सूरत बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि बच्चों को नाली और सड़क साफ करते हुए जब बड़े और बुजुर्ग देखेंगे तो वह सफाई वाले स्थानों पर कचरा नहीं डालेंगे। दो सप्ताह बाद शहर के अन्य नागरिक भी सफाई कार्य में सहयोग देंगे। यदि सफाई कार्य के बाद लोग गंदगी फैलाते हैं तो, ऐसे लोगों को चिह्नित कर दंडित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी संजय कुमार, नगर आयुक्त अरुण प्रकाश, जिला विद्यालय निरीक्षक डा. आईपीएस सोलंकी समेत विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य और शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

**दिवाली के बाद चलेगा स्वच्छता अभियान**

**दो सप्ताह बाद अन्य नागरिक करेंगे सहयोग**

**डीएम ने प्रधानाचार्यों को दिए इस संबंध में निर्देश**

### अगले चरण में शामिल होंगे नर्सिंग होम

झांसी। विद्यालयों के छात्र-छात्राओं के सहयोग से स्वच्छता अभियान का पहला चरण शुरू होगा। इसकी सफलता के बाद अगले चरण में नर्सिंग होम और व्यापार मंडल शामिल होंगे। धीरे-धीरे अभियान का दायरा बढ़ता जाएगा और लोगों में स्वच्छता की आदत स्वतः पड़ जाएगी।



बृहस्पतिवार को विकास भवन सभागार में प्रधानाचार्यों के साथ बैठक करते डीएम अ...

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।

# कार्यालय उप निदेशक,सूचना, झांसी मण्डल,झांसी

पत्र संख्याः /उनिसू/प्रेस–निरीक्षा/20 – दिनांक :

समाचार पत्र का नाम दै० जागरण दिनांक 17 OCT 2014

# नजरिया बदलने से ही शहर होगे सुन्दर व स्वच्द : अनुराग यादव

झाँसी। सिर्फ हंगामा खड़ा करना मेरा मकसद नही है मेरी कोशिश है कि ये सूरत बदलनी चाहिये। उक्त पंक्तियों के उद्‌बोधन से जिलाधिकारी अनुराग यादव ने शहर को साफ सुथरा बनाये जाने में स्कूलो बच्चों को अभियान से जोड़ने उन सभी सफाई के प्रति जागरूक होने व अन्य को भी जागरूक करने के लिये शहर के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्यो की प्रोजेक्ट बनाये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कह कि सोचने का नजरिया बदलना है उसके बदलते है स्वत: झाँसी शहर स्वच्छ सुन्दर हो जायेगा।

विकास भवन सभागार में जिलाधिकारी ने झांसी नगर के विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य की सम्बोधित करते हुये कहा कि 2 अक्टूबर महात्मा गांधी की जंयती पर हम सभी ने शपथ ली कि सप्ताह में दो घण्टे श्रमदान करेंगे, यदि ऐसा करते है तो शहर की सूरत बदल जायेगी। सफाई को आदत में लाना होगा।

उन्होंने कहा कि आप सभी दीपावली से पूर्व प्रोजेक्ट तैयार कर लें ताकि दीपावली के बाद सफाई अभियान का शुभारम्भ किया जा सके। सफाई हेतु स्कूल के आस -पास का क्षेत्र ही चुने। सफाई अभियान हेतु बच्चों की टीम बना लें, मै स्वयं टीम लीडर से बात करूगां।

उन्होंने प्रधानाचार्यो से सफाई अभियान हेतु शनिवार का दिन चुनने का सुझाव दिया उन्होंने यह भी कहा कि स्कूल के अन्य छोटे बच्चें पोस्टर ड्राइंग या अन्य क्रियेटिव कार्य करेंगे। सफाई हेतु संसाधन आप स्वंय सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी अनुराग यादव ने कहा कि स्कूली बच्चों द्वारा सफाई अभियान से नगर की सूरत अवश्य बदल जायेगी। उन्होंने कहा कि जब बच्चों को सड़क नाली साफ करते हुये नागारिक देखेंगे तो वह स्वयं सफाई वाले स्थान पर कचरा नही डालेगे। यदि सफाई के बाद पुन: गंदगी होती है तो अवश्य बतायें ताकी गंदगी करने वाले को सार्वजनिक रूप से दण्डित किया जाये।

इस मौके पर सीडीओ संजय कुमार, नगर आयुक्त अरूण प्रकाश, डीआईओएस डा. आई.पी.एस. सोलंकी सहित समस्त प्रधानाचार्य व शिक्षा अधिकारी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी महोदय के अवलोकनार्थ

जिला सूचना अधिकारी
झाँसी

जिलाधिकारी
झाँसी।